संक्षिप्त

अमन चैन की दुआ मांगी

सांभरझील, (निसं)। सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती जानशीन उत्तराधिकारी दीवान सैयद ज़ैनुल आबेदीन अली खान सज्जादानशीन दरगाह हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती (र.अ.)अजमेर शरीफ ने यहां पुरानी धानमण्डी स्थित अपने दादा बुजुर्ग हजरत ख्वाजा हिसामुद्दीन चिश्ती जिगर सोखता (र.अ.) सांभर शरीफ के मजार पर हाजरी दी। ख्वाजा साहब के आस्ताने दरबार में अकीदत के फूल पेश किये। ख्वाजा साहब की मजार पर चादर पेश की और देश में खुशहाली, तरक्की, अमन चैन के लिए दुआ मांगी। इसके पश्चात उन्होंने सांभर के मुरीद के निजी कार्यक्रम में शिरकत की।

प्रतिभाओं को सम्मानित किया

खैरथल, (निसं)। राष्ट्रीय पुष्करणा पुष्करणा ब्राह्मण महासंघ की ओर से कस्बे में 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज के अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश मांधु, हाथीराम लोढा, रविशंकर भगत, जेठानंद कल्ला, राधेश्याम दुलानी, मणिलाल मान्धु व समाज के तीन पार्षदों का भी स्वागत किया गया। इस दौरान नारायणदास छंगाणी, पवन वासु, परमेश्वरी देवी हेडाऊ, कार्यकर्ता दिलीप लोढा , अमित वासु, दीपक मान्धु, खेमचंद भगत, पुष्कर आचार्य व समस्त पुष्करणा समाज के लोग मौजूद रहे।

दिनदहाड़े दुकान से 6 लाख रुपये पार

थानागाजी, (निसं)। सोमवार को कस्बे के जयपुर रोड पर स्थित हार्डवेयर की दुकान जय जगदीश हरे ट्रेडर्स से चोर दोपहर 1.30 बजे दुकान के काउंटर में बने गल्ले में रखे छह लाख रुपए पार कर ले गये। दुकान मालिक बोदनलाल शर्मा के पुत्र नीरज शर्मा ने बताया कि वह दुकान से गोदाम पर सामान निकालने गया था। जब वह वापस दुकान पर आया तो काउंटर में बनी रेक का लोक टूटा देखकर गल्ले में रखी राशि 600000 लाख रुपए गायब मिले। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। जिस पर थानाधिकारी रामजी लाल मीणा ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। गौरतलब है कि कस्बे में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज

श्रीमाधोपुर, (निसं)। कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को आठवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। आयुष विभाग के ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत होने वाले कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड के आतिथ्य में सुबह 7 से 8 तक योग करवाए जाएंगे।

जाम से परेशान रहे कोटपूतली वासी

कोटपूतली, (निसं)। सोमवार का दिन कोटपूतली में जाम के नाम रहा। यहां स्टेट हाईवे से लेकर एक्सप्रैस वे तक जाम देखने को मिला।

कस्बे से होकर गुजर रहे अलवर-सीकर स्टेट हाईवे पर निकटवर्ती ग्राम नारेहड़ा से आगे चोटिया मोड पर सोमवार सुबह

- **स्टेट हाईवे से लेकर एक्सप्रेस वे पर लगा रहा जाम**
- **पुलिस को जाम खुलवाने के लिए करनी पड़ी मशक्कत**

क्षतिग्रस्त सड़क में बने गहरे गड्डों में बारिश का पानी भर जाने से आवागमन बाधित हो गया। जिससे स्टेट हाईवे पर दोनों ओर एक किमी लम्बा जाम लग गया।

गौरलतब है कि स्टेट हाईवे पर नवीन सडक का निर्माण चल रहा है। लेकिन अभी तक चोटिया मोड पर सडक का निर्माण ना होने से समस्या का सामना करना पड रहा है। मानसून की पहली बारिश में ही क्षतिग्रस्त सडक होने के कारण गड्डों में जहां पानी भर गया। वहीं जल भराव होने से कीचड़ फैलने के कारण जाम में फंसी सवारियों को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। सूचना पर सरूण्ड थाने से पहुँचे जाप्ते ने मौके से घण्टों की मशक्कत कर जाम खुलवाया। इसी प्रकार जयपुर-दिल्ली राजमार्ग पर निकटवर्ती ग्राम पनियाला मोड़ पर हरियाणा की ओर बने एक्सप्रैस वे पर भी भारी जाम के हालात बने रहे। बताया जा रहा है कि दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के प्रदर्शन के चलते भारी वाहनों के प्रवेश को रोक देने के कारण यही से यातायात को पंजाब व हरियाणा की ओर डाईवर्ट किया गया। जिससे एक्सप्रैस वे पर पनियाला मोड़ से गोनेड़ा तक करीब 5 किमी लम्बा जाम लग गया।

कोटपूतली में जाम लगने से वाहनों की कतार लग गई।

बढ़ते दलित उत्पीड़न के खिलाफ जनसंपर्क किया

अलवर, (निसं)। बढ़ते दलित उत्पीड़न के खिलाफ दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) के जागरूकता अभियान के तहत रामगढ में जनसंपर्क के लिए आमसभा की।

मीटिंग में मुख्य वक्ता डीएसएमएम के प्रदेश सह संयोजक डॉ.रमेश बैरवा ने आक्रोश व्यक्त किया कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है लेकिन दलितों पर अत्याचार तेजी से बढ़ रहे हैं। छुआछूत की घटनाएं आज भी हो रही हैं। दलित महिलाओं की स्थिति तो और भी बदतर है। डॉ बैरवा ने बताया कि डीएसएमएम ने शिवाजी पार्क में कथावाचक द्वारा भोजन फैंके जाने की दलित अपमान की घटना को प्रशासन के सामने रखा,जिस पर संज्ञान लेकर एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ। दलित शोषण मुक्ति मंच दलितों पर अत्याचार एवं भेदभाव की घटनाओं के प्रति सचेत एवं सक्रिय साझा नागरिक मंच है। मीटिंग में डीएसएमएस जिला संयोजक एडवोकेट बी एल वर्मा, सह संयोजक फतेहसिंह, संजय अटल, नवलसिंह, शेरसिंह, अमरसिंह, डॉ आर पी सिंह सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई

पावटा, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल ने बताया कि संपूर्ण जिले में अवैध बजरी खनन की रोकथाम हेतु अभियान चलाए जा रहे है। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली विद्याप्रकाश के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त कोटपुतली संध्या यादव के सुपरविजन में प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर गश्त के दौरान अवैध बजरी परिवहन करते हुए पाए जाने पर परिवहन करते वाहन डंफर को जप्त कर प्रागपुरा थाने पर खड़ा कर ओमप्रकाश को एमएमडीआर एक्ट मे मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर अनुसंधान के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक- नपाश्रीमा/2022-23/1255-56 दिनांक- 20.06.2022

आपत्ति आमंत्रण-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका श्रीमाधोपुर में निम्न तालिका अनुसार पट्टा नामान्तरण की पत्रावली पर आपत्ति आमंत्रित की जाती है-

क्र.सं.	नाम पत्रावली	क्षेत्रफल	पत्रावली का प्रकार
1	श्री धुड़ाराम पुत्र श्री गोपालराम श्री श्याम सिंह पुत्र गोपीराम जाट निवासी वार्ड नं. 23 भगवती हास्पिटल के सामने स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर	5.00 वर्गगज	आवासीय पट्टा नामान्तरण

जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो 03 दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज स्वयं की आईडी जिस पर स्वयं के मोबाईल नम्बर अंकित हो व्यक्तिगत उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका श्रीमाधोपुर

कार्यालय नगर पालिका मण्डल श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक- नपाश्रीमा/2022-23/1252-53 दिनांक- 20.06.2022

आपत्ति आमंत्रण-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका श्रीमाधोपुर में निम्न तालिका अनुसार पट्टा नामान्तरण की पत्रावली पर आपत्ति आमंत्रित की जाती है-

क्र.सं.	नाम पत्रावली	क्षेत्रफल	पत्रावली का प्रकार
1	श्री धुड़ाराम पुत्र श्री गोपालराम श्री श्याम सिंह पुत्र गोपीराम जाट निवासी वार्ड नं. 23 भगवती हास्पिटल के सामने स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर	26.02 वर्गगज	आवासीय पट्टा नामान्तरण

जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो 03 दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज स्वयं की आईडी जिस पर स्वयं के मोबाईल नम्बर अंकित हो व्यक्तिगत उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका श्रीमाधोपुर

कार्यालय नगर पालिका मण्डल श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक- नपाश्रीमा/2022-23/1258-59 दिनांक- 20.06.2022

आपत्ति आमंत्रण-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका श्रीमाधोपुर में निम्न तालिका अनुसार पट्टा नामान्तरण की पत्रावली पर आपत्ति आमंत्रित की जाती है-

क्र.सं.	नाम पत्रावली	क्षेत्रफल	पत्रावली का प्रकार
1	श्री धुड़ाराम पुत्र श्री गोपालराम श्री श्याम सिंह पुत्र गोपीराम जाट निवासी वार्ड नं. 23 भगवती हास्पिटल के सामने स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर	32 वर्गगज	आवासीय पट्टा नामान्तरण

जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो 03 दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज स्वयं की आईडी जिस पर स्वयं के मोबाईल नम्बर अंकित हो व्यक्तिगत उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद मियाद विचार नहीं किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका श्रीमाधोपुर

गौरक्षा दलों ने गाय को कुएं से निकाल उपचार कराया

बहरोड़/ नीमराना, (निसं)। नेशनल हाईवे नंबर 48 से मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर नीमराणा कस्बे के पास के गांव पीपली में रविवार रात्रि को एक गाय कुएं में गिर गई। जिसको रात्रि 1 बजे जीवित बाहर निकाला गया।

घटनाक्रम में काफी प्रयत्न के पश्चात निकालने में सफलता हासिल नहीं हुई तो क्षेत्र के गौ सेवकों के बारे में पता चला। रविवार रात्रि को ही लगभग 10 बजे गौ सेवक टीम को जैसे ही पता चला गौसेवक वहां पहुंच गए तथा रात्रि को ही कुएं में रस्सों के माध्यम से टीम के सदस्यों ने उतर कर गाय को गहरे कुएं से जीवित बाहर निकाल उपचार के लिए क्षेत्र की सीमा से लगती बावल की गौशाला ने भेज कर उच्च स्तरीय इलाज करवाया गया। गौ रक्षा टीम के सदस्य दीपेश चौधरी ने बताया कि टीम अब तक 220 गायों का जीवन बचा चुकी है। रात के 1 बजे गौ सेवक कृष्ण पंडित, गजेंद्र यादव, दीपेश चौधरी, पूर्ण शर्मा, नवीन यादव, राकेश यादव, नितेश यादव, कौशल शर्मा, विनोद, योगेश प्रजापत, अनुराग योगी, मोनू जांगिड़, गौ रक्षा दल हरियाणा से आशु जांगिड और उनके टीम के सदस्य ने भी काफी मदद की तथा अपने गौ चिकित्सालय बावल गौ माता को इलाज के लिए ले गए।

मेडल जीतकर लौटे निहाल सिंह का स्वागत

खैरथल, (निसं)। फ्रांस में आयोजित हुई वर्ल्ड कप शूटिंग प्रतियोगिता में एक साथ दो सिल्वर मेडल जीत कर लौटे भारतीय खिलाडी निहाल सिंह यादव का अपनी जन्मभूमि पर पहुंचने पर विशाल विजय जुलूस के रूप में गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रतियोगिता में अपने देश के लिए दो रजत पदक जीत कर भारत व राजस्थान के अलवर खैरथल का नाम रोशन करने वाले खिलाडी निहाल सिंह पुत्र रघुवीर सिंह यादव के सोमवार को खैरथल घर लौटने पर नागरिक संगठनों की ओर से जयपुर रोड़ के अग्रसेन चौक पर समारोह पूर्वक स्वागत करने के बाद प्रमुख मार्गो से गाजे बाजे व विजय जुलूस के रूप में खुली जीप बैठा कर घर तक पहुंचाया गया। मार्ग में व्यापारियों व नागरिकों के द्वारा पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इसमें ईपी निदेशक आजाद चौधरी, मुकेश गुप्ता, ओमवीर चौधरी, सतीश, सुरेश भड़ाना, सतीश, किशन यादव, योगाचार्य हरिओम सैनी, डॉ ओमप्रकाश मॉधु, अभिषेक वशिष्ठ, एडवोकेट उदयसिंह यादव सुमिता, रविता, रीना, आकांक्षा व अमित सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

वर्ल्ड कप शूटिंग प्रतियोगिता में दो सिल्वर मेडल जीत कर लौटे भारतीय खिलाड़ी निहाल सिंह का विजय जुलूस निकाला।

विधायक की अनुशंसा पर स्कूल क्रमोन्नत

पावटा, (निसं)। राज्य सरकार शिक्षा को अधिक बेहतरीन बनाने के मकसद से प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। वहीं क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर की अनुसंशा पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय घाटाबाहर तालवा व शिवसहाय का ढेर छापुडा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत होने के बाद छात्र छात्राओं को शिक्षा के लिये अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा।

विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक की निष्ठा, समर्पण, उतरदायित्व व समाज निर्माण में अतुल्य भूमिका हैं। उन्होंने शिक्षकों से आव्हान किया कि वे युवा पीढ़ी को शिक्षा के साथ ही संस्कारवान एवं चरित्रवान बनाने में अपनी अहम भूमिका अदा करें। राज्य सरकार ने विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा को लेकर कोई कमी नही छोडी है।

प्रारूप-5 (नियम 6(2) देखिए)

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा./2021-22/1261-62 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-20.06.2022

श्रीमती चम्पा देवी धर्मपत्नी स्व. श्री लक्ष्मण राम सैनी, निवासी-वार्ड नं. 11, विज्याचाली, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं.11 अवस्थित भूखण्ड	चर्तु सीमाऐं पूरब में भूमि श्री घीसालाल सैनी की, पश्चिम में स्व. श्री छीतरमल, श्री रामोतार श्री लादूराम, श्री महेश व श्री सोहन लाल वगैरह की भूमि, उत्तर में सार्वजनिक चौक एवं दक्षिण में आवेदक का बाड़ा व आवास आगे भूमि श्री गीगराज, स्व. श्री छीतरमल वगैरह की होकर स्थित है।	भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम उत्तरी भुजा 44'.1" दक्षिणी भुजा 5'.7" + 40' -0" + 19' -3" व उत्तर-दक्षिण पूर्वी भुजा 26'.10" + 35' -2" एवं पश्चिमी भुजा 56'.6" + 32' -1" होकर कुल रकबा 290.39 वर्गमीटर है।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 20.06.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर विधायक ने बैठक ली

किशनगढ़बास, (निसं)। विधायक दीपचंद खैरिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के प्रस्तावित किशनगढ़ बास आने के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

विधायक ने बैठक में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम से अवगत कराते हुए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मुख्यमंत्री के स्वागत की तैयारी के लिए जुटने का आव्हान किया और कहां गांव गांव घर घर जाकर कार्यकर्ता आमजन की समस्याओं से मुझे अवगत कराएं जिससे समाधान किया जा सके।

मीडिया प्रभारी सुनील कांत गोल्ड ने बताया मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आगमन के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर विधायक कार्यालय पर रविवार को कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई गई। बैठक में विधायक दीपचंद खैरिया ने कार्यकर्ताओ को कहा मुख्यमंत्री के आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है तारीख तय होने पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेवारी सौंपी जाएगी। बैठक में प्रधान बद्री प्रसाद सुमन वीरेंद्र सोनी धीरू भाई हाजी सुब्बा खान शेरसिंह चौधरी पार्षद उमेश यादव, भूपेश लहकरा कांता आहूजा दौलत भारती रामचन्द्र कामरेड मोहनलाल पार्षद जसवंत यादव ने विधायक दीपचंद खैरिया की नीति और विचारों की प्रशंसा की।

विधायक का जन्मदिन मनाया

श्रीमाधोपुर, (निसं)। श्रीमाधोपुर विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत के जन्मदिन पर सोमवार को अनेकों स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर युवक कांग्रेस श्रीमाधोपुर के अध्यक्ष मदन चौहान के अनुसार विधायक शेखावत के जन्मदिन पर आज सोमवार को श्री कृष्ण गौशाला श्रीमाधोपुर में गायों को गुड़ व चारा खिलाया गया। इस अवसर पर पार्षद नंदकिशोर सैनी नेता प्रतिपक्ष, पार्षद मदन चौहान, जितेंद्र पंजाबी, सुनील पंजाबी, लक्की अग्रवाल मऊवाला,विक्की बिंवाल व अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

देवनारायण मंदिर ट्रस्ट के चुनाव को लेकर नहीं बनी सहमति

निवाई, (निसं)। श्री देवधाम जोधपुरिया में स्थित श्री देवनारायण मंदिर में सोमवार को श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट प्रन्यास मंडल के त्रिवार्षिक चुनाव को लेकर ट्रस्ट अध्यक्ष सुरज्ञान सिंह खाटरा के सानिध्य में बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति नहीं होने से मतदान करवाने का निर्णय लिया गया।

ट्रस्ट के महामंत्री एडवोकेट सवाईभोज गुर्जर ने बताया कि देवनारायण मंदिर ट्रस्ट प्रन्यास मंडल के त्रिवार्षिक चुनाव को लेकर बैठक आयोजित हुई जिसमें सर्वसम्मति नहीं होने पर सर्वसम्मती से चुनाव करवाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर 5 जुलाई तक सदस्य बनाएं जाएगे एवं जुलाई माह में ही अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष के चुनाव संपन्न करवाएं जाएंगे। बैठक में कोषाध्यक्ष लक्ष्मण रग्गल ने श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट प्रन्यास मंडल के त्रिवार्षिक आय-व्यय को ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में चुनाव अधिकारी पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष रामनिवास गुर्जर, पूर्व अध्यक्ष केसरलाल गुजर एवं चाकसू नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र लावडा सर्वसम्मति से चुनाव करवाने का पूरा प्रयास किया लेकिन सहमति नहीं बनी। बैठक में सुरज्ञान सिंह खाटरा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण रग्गल, संरक्षक सुरेश डोई, शिवप्रताप हरसाणा, प्रधान रामअवतार लांगडी, पूर्व पार्षद रतनदीप गुर्जर, मांगीलाल गुर्जर, ब्रह्मप्रकाश गुर्जर, एसआर फागणा, श्योजीराम फौजी, राजेश बैंसला, सीताराम गुर्जर, पूर्व सीआर मनफूल गुर्जर, श्योजीराम चेची, उप सरपंच राजेश खटाणा व सहित कई गणमान्य मान्य लोग मौजूद थे।

राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी का स्वागत

राजगढ़, (निसं)। भाजपा नेता राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी का दादूपंथी ठिकाना बंगाबाग राजगढ़ में महंत प्रकाश दास महाराज एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य अभिनंदन किया। अभिनंदन समारोह के दौरान नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। ब्राह्मण समाज की ओर से भगवान परशुराम का प्रतीक चिन्ह फरसा दुपट्टा भेट कर स्वागत किया। उन्होंने दादू वाणी और गद्दी पर ढोक लगाई। उसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि सभी पार्टी हित में एकजुटता से कार्य करते रहें। मुझ पर पार्टी ने जो विश्वास के साथ दायित्व दिया है उसका पूरी निष्ठा के साथ और इमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा।

पट्टे दिए

निवाई। ग्राम पंचायत ढाणी जुगलपुरा का फॉलो अप कैम्प सोमवार को कृषि मंडी में आयोजित किया गया। सरपंच शीला मीणा ने बताया कि प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत सोमवार को शिविर में नायब तहसीलदार रामजीलाल मीणा की अध्यक्षता में ग्रामीणों की समस्याओं समाधान किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत ढाणी जुगलपुरा द्वारा ग्रामीणों को नायब तहसीलदार द्वारा पट्टे वितरित किए। इस दौरान भू अभिलेख निरीक्षक अरविंद शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी सहित कई अधिकारी कर्मचारी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

प्रारूप-5 (नियम 6(2) देखिए)

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा./2021-22/1056-57 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-06.06.2022

श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री दिनेश कुमार, श्रीमती नीरू देवी (निर्मला) पत्नी श्री राकेश कुमार श्रीमती संगीता देवी (कांता) पत्नी श्री अशोक कुमार कसेरा, श्रीमती अंजू देवी पत्नी श्री सुभाष कसेरा जाति महाजन, निवासी वार्ड सं. 03 कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं.03 अवस्थित आवासीय भूखण्ड	चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है-पूरब में मंदिर श्री मुरली मनोहर जी का, पश्चिम में आवास श्री बूंटीनाथ जोगी परिवार का, उत्तर में परिसर प्रहलाद राय अग्रवाल आदर्श विद्या मंदिर का एवं दक्षिण में दुकान श्री श्याम कसेरा, भवन श्री पवन कसेरा एवं आम एवं आम रास्ता होकर अवस्थित है।	भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम उत्तरी भुजा 69'.0" दक्षिणी भुजा 43'.9" + 24' -3" + 19' -3" व उत्तर-दक्षिण पूर्वी भुजा 135'.3" व पश्चिमी भुजा 101'.0" + 34' -3"होकर कुल रकबा 713.50 वर्गमीटर है।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 06.06.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

प्रारूप-5 (नियम 6(2) देखिए)

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा./2021-22/1206-07 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-15.06.2022

श्रीमती विमला देवी धर्मपत्नी श्री दिनेश कुमार, श्रीमती नीरू देवी (निर्मला) धर्मपत्नी श्री राकेश कुमार श्रीमती संगीता देवी (कांता) धर्मपत्नी श्री अशोक कुमार कसेरा, श्रीमती अंजू देवी धर्मपत्नी श्री सुभाष कसेरा जाति महाजन, निवासी वार्ड सं. 20 कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं.20 अवस्थित भूखण्ड	चर्तु सीमाऐं पूरब में आम रास्ता, पश्चिम में दुकान श्री जय प्रकाश सैनी की, उत्तर में आम रास्ता एवं दक्षिण में 4 फुट की शामिलाती गली व आगे आवास श्री कालुराम श्री चुन्नीलाल नायक का एवं सार्वजनिक चौक होकर स्थित है।	भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम उत्तरी भुजा 68'.3" दक्षिणी भुजा 44'.3" + 38' -9" उत्तर-दक्षिण पूर्वी भुजा 15'.7" + 15' -1" एवं पश्चिमी भुजा 22'.7" + 4' -0" होकर कुल रकबा 174.91 वर्गमीटर है।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 15.06.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

OFFICE OF GRAM PANCHAYAT KISHANPURA, P.S. PALSANA (SIKAR)

No. : Proc./2022-23/49 Date : 16.06.2022

E-Tender Notice No. 01/2022-23

Bids for open tender of Procurement of Construction Material for Works in MGNREGA and Other Scheme in Gram Panchayat Kishanpura Panchayat Samiti Palsana(Sikar) are invited from Firms/ Suppliers Registered under the GST act 2017, upto 06:00 PM of 25.06.2022 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in of state.

NIB No.:- PSP2223A0027 UBN No.:- PSP2223GLR0031

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER
GRAM PANCHAYAT KISHANPURA
PNCHAYAT SAMITI PALSANA

SARPANCH
GRAM PANCHAYAT KISHANPURA
PNCHAYAT SAMITI PALSANA

कार्यालय ग्राम पंचायत दानपुरा पंचायत समिति गिडा-बाड़मेर

क्रमांक/ग्रा.पं.दा./निविदा/2022-23/51 दिनांक : 14.06.22

ई-निविदा सूचना संख्या - 001/2022-23

पंचायत समिति गिड़ा की ग्राम पंचायत क्षेत्र में निर्माण कार्य हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत वणिज्यिक कर/जीएसटी/विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माता(ओं), विक्रेता(ओं), आपूर्तिकर्ता(ओं) जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नहीं हो, से ई-टेंडरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा की तिथियां, समय व अन्य शर्तें एवं निविदा में सम्पादित करवाये जोन वाले कार्यों की राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति/ग्राम पंचायत मुख्यालय में कार्यालय समय में एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल http:\\sppp.rajasthan.gov.in एवं http:\\eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है।

UBN No :- PLP2223WSOB00030 से 33

ग्राम विकास अधिकारी,
ग्राम पंचायत दानपुरा

कार्यालय ग्राम पंचायत चिडिया

पंचायत समिति गिडा-बाड़मेर

क्रमांक/ग्रा.प.चिडिया/पं.स.गि./मनरेगा/निविदा/2022-23/32 दिनांक : 15.06.22

ई-निविदा सूचना संख्या - 01/2022-23

ग्राम पंचायत चिडिया, पंचायत समिति गिडा में महात्मा गांधी नरेगा योजना व पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न अनुमत योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्रोक्यूरमेंट हेतु ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा शुल्क/धरोहर राशि/प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाईट http:\\sppp.rajasthan.gov.in एवं http:\\eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है।

UBN No :- PLP2223GLRC00029

ग्राम विकास अधिकारी,
ग्राम पंचायत चिडिया

संवैधानिक व्यवस्थाओं के दुरुपयोग को रोकने की मांग, ज्ञापन सौंपा

लालसोट, (निसं)। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा संवैधानिक व्यवस्थाओं एवं केंद्र शासित एजेंसियों के हो रहे दुरुपयोग को रोकने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा को ज्ञापन सौंपा गया।

सोमवार को उपखंड मुख्यालय पर एसडीएम कार्यालय के सामने कांग्रेसी पदाधिकारियों द्वारा केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा की जा रही मनमानी एवं संवैधानिक व्यवस्थाओं से छेड़खानी के विरोध में जमकर विरोध प्रदर्शन कर केंद्र सरकार को खरी-खोटी सुनाई। पंचायत समिति के प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जगदीश राडा व नगरपालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र के नेतृत्व में सैकडो कांग्रेसियों ने एकजुट होकर केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक व्यवस्थाओं के किए जा रहे दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए विभिन्न केंद्र शासित एजेंसियों का भी दुरुपयोग करने का आरोप लगाया एवं कांग्रेस शासित जगहों पर इन संविधान की व्यवस्था एवं केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर अनावश्यक परेशान करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों का संवैधानिक तौर पर शांतिपूर्वक विरोध से डरी केंद्र सरकार ने दिल्ली में कार्यकर्ताओं को पहुंचने से पहले ही पकड़ कर थाने में बंद कर दिया यह संवैधानिक अधिकारों का हनन है। यहां तक कि कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को एआईसीसी दफ्तर तक नहीं जाने दिया जा रहा है।

प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा ने कहा कि राजस्थान प्रदेश में कांग्रेस की सरकार को बने 4 साल होने वाले है इस दौरान केंद्र की भाजपा सरकार ने राज्य की कांग्रेस सरकार को परेशान करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोडी।

यहां तक कि जब वे प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को परेशान नहीं कर पाए तो केंद्र शासित संस्था सीबीआई से उनके भाई के व्यवसायिक संस्थानों पर छापे डलवा खुद की दमनकारी नीतियों का परिचय दिया है। ज्ञापन देने के दौरान सैकड़ों की संख्या में विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लालसोट उपखंड मुख्यालय पर मांगों को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

प्रारूप-5 (नियम 6(2) देखिए)

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा./2021-22/1267-68 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-20.06.2022

श्री शंकर लाल दर्जी पुत्र स्व. श्री लक्ष्मीनारायण दर्जी, जाति दर्जी, निवासी वार्ड नं. 23 कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं.23 अवस्थित भूखण्ड	चर्तु सीमाऐं पूरब में दुकान श्री रामेश्वर लाल वगैरह पंसारी की, पश्चिम में दुकान श्री महावीर प्रसाद पंसारी की, उत्तर में 4'-3" चौड़ी गली व आगे हवेली श्री रामेश्वर लाल वगैरह पंसारी की एवं दक्षिण में आम रास्ता होकर स्थित है।	भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम 7'-7" एवं उत्तर-दक्षिणी 31'-0" होकर कुल रकबा 21.84 वर्गमीटर हैं।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 20.06.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/1188-89 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-14.06.2022

श्रीमती सन्तरा देवी पत्नी स्व. श्री महावीर प्रसाद निवासी वार्ड नम्बर 08 स्वामियों का मोहल्ला जालपाली कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम	पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं.08 स्वामियों का मोहल्ला, जालपाली श्रीमाधोपुर	चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है- पूर्व दिशा में धनश्याम का मकान, पश्चिम दिशा में आम रास्ता, उत्तर दिशा में बनवारीलाल, रामजीलाल स्वामी का मकान व दक्षिण दिशा में आम रास्ता अवस्थित है।	भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूर्वी दक्षिणी भुजा 28फुट उत्तरी भुजा 43.6 फुट, पश्चिमी भुजा 14 फुट व दक्षिणी भुजा 21.6 फुट कुल क्षेत्रफल 50.74 वर्गगज या 42.42 वर्गमीटर हैं।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 14.06.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर